मध्यप्रदेश विधान सभा

जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 23 फरवरी, 2001 (फाल्गुन 4, 1922)

समय 10.30 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकतः वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. नियम 138 (1) के अधीन ध्यान आकर्षण

(1) सर्वश्री नरेन्द्र बिरथरे, लाल सिंह, मुंशीलाल, सदस्य, चंबल नदी पर बने राणा प्रताप सागर बांध से सिंचाई हेतु पानी न मिलने से उत्पन्न स्थिति की ओर जल संसाधन मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) डॉ. सीतासरन शर्मा, कुंवर विजय शाह, श्री नरेन्द्र बिरथरे, सदस्य, विदिशा नगर के सागर मार्ग पर स्थित केमिकल्स फैक्ट्री में गैस रिसाव से तीन श्रमिकों की मौत होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(3) डॉ. ढालसिंह बिसेन, श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, सदस्य, सिवनी एवं बालाघाट जिले में धान की खरीदी बंद किये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर राज्यमंत्री खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(4) श्री सेवाराम गुप्ता, सदस्य, मुरैना जिले के बानमोर औद्योगिक क्षेत्र में स्थापित उद्योगों द्वारा प्रदूषण फैलाये जाने से उत्पन्न स्थिति की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(5) श्री बाबूलाल गौर, सदस्य, राज्य तिलहन उत्पादक सहकारी संघ में अधिकारियों द्वारा अनियमितता किये जाने की ओर राज्यमंत्री सहकारिता का ध्यान आकर्षित करेंगे

(6) श्री मुन्ना सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र मौ में चिकित्सक की लापरवाही से एक महिला की मौत होने की ओर लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(7) सर्वश्री रसाल सिंह, मुन्ना सिंह, लाल सिंह, सदस्य, भिण्ड जिले के ग्राम अहैंती निवासी दो व्यक्तियों की हत्या होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(8) सर्वश्री नरेन्द्र बिरथरे, मुंशीलाल, कमल पटेल, सदस्य, भोपाल के शाहपुरा क्षेत्र में अवैध निर्माण कार्य होने से उत्पन्न स्थिति की ओर आवास एवं पर्यावरण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(9) श्री हिम्मत कोठारी, सदस्य, इन्दौर के नंदा नगर से एक बालिका का अपहरण होने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(10) डॉ. सीतासरन शर्मा, श्री हरीशंकर जायसवाल, सदस्य, सिवनी जिले की लखनादौन पुलिस द्वारा एक परिवहन कर्मी की पिटाई से उत्पन्न स्थिति की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(11) श्री रसाल सिंह, सदस्य, शिवपुरी जिले के टोडीपिछोर ग्राम की महिला सरपंच को प्रताड़ित किये जाने की ओर गृह मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(12) सर्वश्री नरेन्द्र सिंह तोमर, नरेन्द्र बिरथरे, लाल सिंह, सदस्य, ग्वालियर स्थित जे.सी. मिल के अधिकांश श्रमिक व्यवसायजन्य बीमारियों से ग्रसित होने की ओर श्रम मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

3. प्रतिवेदन की प्रस्तुति एवं स्वीकृति

श्री ग्यारसीलाल रावत, सभापति, गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति का पन्द्रहवां प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे तथा निम्नलिखित प्रस्ताव करेंगे :-

"सदन गैर सरकारी सदस्यों के विधेयकों तथा संकल्पों संबंधी समिति के पन्द्रहवें प्रतिवेदन से सहमत है."

4. अनुपस्थिति की अनुज्ञा

निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 300-धार से निर्वाचित सदस्य, श्री करन सिंह पवार को विधान सभा के जनवरी-अप्रैल, 2001 सत्र में 15 दिनों तक सभा की बैठकों से अनुपस्थित रहने की अनुज्ञा.

5. वर्ष 2001-2002 के आय-व्ययक पर सामान्य चर्चा.

-2-

निर्धारित समय

6. अशासकीय संकल्प

(1) श्री हरीशंकर जायसवाल (हरि भैया), सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

30 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश में ऐसे खिलाड़ी जो प्रदेश से जीतकर राष्ट्रीय खेल में सम्मिलित होते हैं, को भी प्रदेश शासन द्वारा शासकीय सेवा में आरक्षण एवं अन्य सुविधायें जो राष्ट्रीय खिलाड़ियों को प्रदान की जाती हैं, वह उपलब्ध कराई जावे"

(2) सर्वश्री तेजसिंह सेंधव, मुन्ना सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

1 घन्टा 30 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश में गिरते भू-जल स्तर से उत्पन्न संकट एवं सूखे की समस्या के निदान के लिये प्रदेश की समस्त नदियों एवं नालों का व्यापक सर्वे कर उन पर उपयुक्त स्थानों पर स्टाप डेम बनाये जायें".

(3) श्री प्रभाकर सिंह, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

30 मि. "सदन का यह मत है कि प्रदेश के शासकीय संस्कृत महाविद्यालयों में प्राचार्य के पद पर संस्कृत भाषा के ज्ञाता उपाधिधारी को ही पदस्थ किया जाय".

के.पी. तिवारी
सचिव,
मध्यप्रदेश विधान सभा.

भोपाल :
दिनांक : 22 फरवरी, 2001